# यूपी लगातार तीसरी बार अचीवर्स स्टेट

## लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नेतृत्व साबित करने के लिए मिला अवॉर्ड

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में उद्योगों और उद्यमियों को बढ़ावा दे रही योगी आदित्यनाथ सरकार को उसकी उत्कृष्ट नीतियों और प्रयासों के लिए लगातार तीसरे साल अचीवर्स स्टेट का दर्जा दिया है। प्रदेश को यह सम्मान लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अपना नेतृत्व साबित करने के लिए मिला है।

नई दिल्ली में शुक्रवार को होने वाले भव्य समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री प्रदेश को यह अवॉर्ड देंगे। इस सम्मान के साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की रफ्तार महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु जैसे राज्यों से आगे हो गई है।

लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट (लीड्स) द्वारा जारी 2024 की रैंकिंग में यूपी को लॉजिस्टिक्स सुगमता में अचीवर्स स्टेट का दर्जा दिया गया है। उत्तर प्रदेश ने दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था के लिए लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया है। उत्तर प्रदेश में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स नीति 2022 को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। नीति का लक्ष्य यूपी में लॉजिस्टिक्स का नेटवर्क बनाना है जो परिवहन लागत को कम करेगा। ग्रीन लॉजिस्टिक्स के तहत इन्वेस्ट यूपी ने 14 शहरों में परिवहन के लिए 700 इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन किया है, जिसके लिए राज्य भर में 18 चार्जिंग स्टेशन भी लगाए हैं।

**आज नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देगा सम्मान**



**14** शहरों में परिवहन के लिए इन्वेस्ट यूपी ने 700 इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन किया है

### मानक है लीड्स सर्वे

**लीड्स सर्वे भारतीय राज्यों के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन के मूल्यांकन का मानक है। रैंकिंग के लिए राज्यों के प्रदर्शन का तीन मानकों पर होता है आकलन।**

- जिनमें बुनियादी ढांचा, सेवाएं और परिचालन व नियामक माहौल शामिल होता है। इस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश की सफलता अपने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में सुधार के प्रयासों का ही परिणाम है।

## पांचों एक्सप्रेसवे की राइडिंग क्वालिटी और बेहतर बनाई जाएगी

लखनऊ। प्रदेश में गंगा एक्सप्रेसवे के साथ आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे की राइडिंग क्वालिटी को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे की राइडिंग क्वालिटी को स्विटजरलैंड की कंपनी सुधार रही है। इसकी राइडिंग क्वालिटी को बुद्धा सर्किट स्थित फार्मूला वन ट्रैक के समकक्ष बनाया जा रहा है। अब इस तकनीक को सभी एक्सप्रेस वे पर लागू करने के प्रस्ताव को यूपीडा बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की खामियों से सबक लेते हुए यूपीडा ने अब सभी एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता को विश्वस्तरीय बनाने के लिए ईटीएच ज्यूरिख से समझौता किया गया है। ब्यूरो

